इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 302] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 17 जून 2011—ज्येष्ठ 27, शक 1933

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

शोक प्रस्ताव

क्रमांक एफ 8-4-2011-एक-4 भोपाल, दिनांक 17 जून 2011

जिला औरैया (उत्तरप्रदेश) के ग्राम नगला रामपुर के निवासी, ए. टी. एस. रतलाम में पदस्थ श्री शिवप्रताप सिंह कुशवाह के आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान शहीद होने से प्रदेश ने एक देशभक्त और साहसी नौजवान खो दिया है. दिनांक 3 जून 2011 को रतलाम के रेल्वे स्टेशन क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में श्री शिवप्रताप सिंह कुशवाह की शहादत कर्तव्यपालन और कर्मनिष्ठा का प्रतीक है.

मंत्रि-परिषद् स्वर्गीय श्री शिवप्रताप सिंह कुशवाह की शहादत को नमन् करते हुए उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है.

अवनि वैश्य, मुख्य सचिव.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2011.